अनुक्रमांक : ______________ नाम : ________________

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11+2 मानचित्र

**932** **825 (FC)**

# 2023
# सामाजिक विज्ञान
## (Social Science)
**(Hindi and English versions)**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों, अ और ब में विभाजित है।

(iv) खण्ड-अ में 20 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इनका उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर दिया जाना है।

(v) ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर अंकित किए जाने के पश्चात उसे काटें नहीं तथा इरेज़र (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।

(vi) खण्ड-ब 50 अंकों का है। इसमें दो प्रकार के प्रश्न हैं, वर्णनात्मक-1 तथा वर्णनात्मक-2। मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न (प्र.सं. 29 (क) व 29 (ख)) हैं।

(vii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(viii) दिए गए मानचित्रों को प्रश्न-पत्र से फाड़कर, उन पर उत्तर अंकित कीजिए तथा मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ अवश्य संलग्न कीजिए।

(ix) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिए गए हैं।

## खण्ड - अ

## (बहुविकल्पीय प्रश्न / Multiple Choice Type Questions)

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें : **1 × 20 = 20**

1. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई थी ? **1**

   (A) 1848

   (B) 1817

   (C) 1789

   (D) 1615

2. ज्युसिपी मेत्सिनी का सम्बन्ध था : **1**

   (A) इटली के एकीकरण से

   (B) जर्मनी के एकीकरण से

   (C) इंग्लैण्ड के राष्ट्रवाद से

   (D) फ्रांस के राष्ट्रवाद से

3. 'हिन्द स्वराज' पुस्तक के लेखक कौन हैं ? **1**

   (A) जवाहरलाल नेहरू

   (B) महात्मा गाँधी

   (C) विनोबा भावे

   (D) बाल गंगाधर तिलक

4. निम्नलिखित में से किसने बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व किया था ? **1**

   (A) महात्मा गाँधी

   (B) चन्द्रशेखर आजाद

   (C) ज्योतिबा फुले

   (D) सरदार वल्लभभाई पटेल

5. 'जब फ्रांस छींकता है, तो बाकी यूरोप को सर्दी-जुक़ाम हो जाता है' किसका कथन है ? **1**

(A) मेटरनिख

(B) नेपोलियन

(C) लुई फिलिप

(D) चर्चिल

6. भारत में संघीय राज्यों की संख्या है : **1**

(A) 27

(B) 28

(C) 29

(D) 30

7. विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है : **1**

(A) भारत

(B) यू.एस.ए.

(C) ग्रेट ब्रिटेन

(D) रूस

8. भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल भाषाएँ हैं : **1**

(A) 21

(B) 22

(C) 18

(D) 15

9. लोकतंत्र में शक्ति का स्रोत है : **1**

(A) जनता

(B) संसद

(C) प्रधान मंत्री

(D) राष्ट्रपति

10. निम्नलिखित में से किस देश का विभाजन धर्म तथा जाति के आधार पर हुआ था ? **1**

(A) बेल्जियम

(B) भारत

(C) यूगोस्लाविया

(D) नीदरलैण्ड

11. प्रति व्यक्ति आय को अन्य किस नाम से जाना जाता है ? **1**

(A) औसत आय

(B) राष्ट्रीय आय

(C) व्यक्तिगत आय

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. द्वितीयक क्षेत्रक को अन्य किस नाम से जाना जाता है ? **1**

(A) प्राथमिक क्षेत्रक

(B) खनन क्षेत्रक

(C) औद्योगिक क्षेत्रक

(D) कृषि क्षेत्रक

13. सेवाओं को किस क्रियाकलाप क्षेत्रक के अन्तर्गत रखा जाता है ? **1**

(A) तृतीयक क्षेत्रक

(B) प्राथमिक क्षेत्रक

(C) द्वितीयक क्षेत्रक

(D) सूचना प्रौद्योगिकी

14. भारत का अधिकांश विदेशी व्यापार होता है : **1**

(A) सड़क मार्ग से

(B) समुद्री मार्ग से

(C) रेल मार्ग से

(D) वायु मार्ग से

15. राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? **1**

(A) 5 अप्रैल

(B) 22 फरवरी

(C) 24 नवम्बर

(D) 24 दिसम्बर

16. इनमें से किस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में काली मृदा पाई जाती है ? **1**

(A) जम्मू और कश्मीर

(B) राजस्थान

(C) महाराष्ट्र

(D) झारखण्ड

17. एजेण्डा 21 का संबंध किससे है ? **1**

(A) ओज़ोन क्षरण से

(B) वैश्विक तापन से

(C) जलवायु परिवर्तन से

(D) सततपोषणीय (संधारणीय) विकास से

18. 'ग्रीन इण्डिया मिशन' किस वर्ष में आरम्भ किया गया था ? **1**

(A) 2013

(B) 2012

(C) 2014

(D) 2011

19. निम्नलिखित में से कौन-सी फसल मुख्य रूप से ज़ायद फ़सल का उदाहरण है ? **1**

(A) धान

(B) गेहूँ

(C) चना

(D) तरबूज़

20. आग्नेय चट्टानों में पाया जाने वाला खनिज है : **1**

(A) फ़ॉस्फेट

(B) नमक (लवण)

(C) जस्ता

(D) ग्रेफाइट

## खण्ड - ब

### (वर्णनात्मक-1 / Descriptive-1)

(उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए / Give answer in about 80 words)

(21) भारतीय अर्थव्यवस्था पर आर्थिक महामंदी के पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए । **4**

**अथवा / OR**

वैश्विक आर्थिक महामंदी के कारणों का उल्लेख कीजिए । **4**

(22) 'सत्याग्रह' का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा गाँधीजी के सत्याग्रह के विचारों का भी उल्लेख कीजिए । **4**

**अथवा / OR**

भारत में राष्ट्रवाद के उदय के कारणों का उल्लेख कीजिए । **4**

(23) "संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग ने अनेक समस्याएँ पैदा कर दी हैं ।" समीक्षा कीजिए । **4**

**अथवा / OR**

भारत में वन प्रबंधन को कितने भागों में विभाजित किया गया है ? इनकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **4**

(24) आर्थिक गतिविधि से आप क्या समझते हैं ? आर्थिक गतिविधियों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए । **2+2**

**अथवा / OR**

उपभोक्ता के कुल कितने अधिकार होते हैं ? सभी अधिकारों के नामों का उल्लेख कीजिए । **2+2**

### (वर्णनात्मक-2 / Descriptive-2)

(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए / Give answer in about 150 words)

25. 'लोकतंत्र' से आप क्या समझते हैं ? इसे उत्तरदायी, ज़िम्मेवार एवं वैध शासन क्यों माना जाता है ? **2+4**

**अथवा / OR**

लोकतंत्र के समक्ष क्या चुनौतियाँ हैं ? भारतीय लोकतंत्र की दो प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिए । $3 + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

(26) इटली का एकीकरण कैसे हुआ ? **6**

**अथवा / OR**

जर्मनी का एकीकरण कैसे हुआ ? **6**

(27) मृदा अपरदन क्या है ? भारत में प्रचलित मृदा अपरदन के प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए । **3+3**

**अथवा / OR**

अलौह-खनिज किन्हें कहते हैं ? अलौह-खनिजों में किन-किन खनिजों को शामिल किया गया है ? स्पष्ट कीजिए । **3+3**

(28) मानव विकास सूचकांक को परिभाषित कीजिए । मानव विकास के घटकों का वर्णन कीजिए । **2+4**

**अथवा / OR**

भारतीय अर्थव्यवस्था में अधिक रोज़गार विकसित करने के माध्यमों को स्पष्ट कीजिए । **6**

## (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न / Questions related to Map)

**29. (क)** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर) में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(i) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ सर्वप्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारम्भ हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ पर काँग्रेस के अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की माँग की गई थी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**29. (ख)** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर) में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(i) गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) मूँगफली का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य □ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) उत्तर - दक्षिण गलियारे का टर्मिनल स्टेशन चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) खनिज तेल का सबसे ज़्यादा उत्पादन वाला राज्य y चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 (क) के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) किस स्थान पर नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन हुआ था ? **1**

(ii) किस स्थान पर सर्वप्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारम्भ हुआ था ? **1**

(iii) किस स्थान पर काँग्रेस के अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की माँग सर्वप्रथम की गई थी ? **1**

(iv) किस स्थान पर जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था ? **1**

(v) किस स्थान पर दिसम्बर 1920 में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ? **1**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 (ख) के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) गेहूँ के सबसे बड़े उत्पादक राज्य का नाम लिखिए । **1**

(ii) कॉफी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य का नाम लिखिए । **1**

(iii) मूँगफली के सबसे बड़े उत्पादक राज्य का नाम लिखिए । **1**

(iv) उत्तर - दक्षिण गलियारे का टर्मिनल स्टेशन किस राज्य में है, नाम लिखिए । **1**

(v) खनिज तेल का सबसे ज़्यादा उत्पादन किस राज्य में होता है, नाम लिखिए । **1**

## General Instructions

**(English Version)**

(i) First 15 minutes are allotted for examinees to read this question paper.

(ii) All questions are compulsory.

(iii) This question paper is divided into two parts, A and B.

(iv) In Part-A, there are 20 multiple choice type questions of 20 marks. Answer should be given on OMR sheet.

(v) After marking your answer on OMR sheet, do not cut it or use eraser or whitener to remove it.

(vi) 50 marks are allotted to Part-B. It contains two types of questions, Descriptive-1 and Descriptive-2. There are two map related questions (Q. No. 29 (a) and 29 (b)).

(vii) Marks allotted for each question are mentioned against them.

(viii) Tear off the supplied maps from the question paper, indicate answer on them and compulsorily attach them firmly to your answer-book.

(ix) For Vision-impaired examinees, questions have been given separately for writing answers in lieu of map-work.

## PART-A

## (Multiple Choice Type Questions)

1. When did the French Revolution take place ? **1**

(A) 1848

(B) 1817

(C) 1789

(D) 1615

2. Giuseppe Mazzini was associated with: **1**

(A) Unification of Italy

(B) Unification of Germany

(C) Nationalism in England

(D) Nationalism in France

3. Who is the author of the book 'Hind Swaraj' ? **1**

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Mahatma Gandhi

(C) Vinoba Bhave

(D) Bal Gangadhar Tilak

4. Who among the following led Bardoli Satyagraha ? **1**

(A) Mahatma Gandhi

(B) Chandrashekhar Azad

(C) Jyotiba Phule

(D) Sardar Vallabhbhai Patel

5. Who said 'When France sneezes, the rest of Europe catches a cold' ? **1**

(A) Metternich

(B) Napoleon

(C) Louis Philippe

(D) Churchill

6. The number of federal States in India is: **1**

(A) 27

(B) 28

(C) 29

(D) 30

7. The world's largest democratic country is: **1**

(A) India

(B) U.S.A.

(C) Great Britain

(D) Russia

8. The total number of languages in the Eighth Schedule of the Constitution of India is: **1**

(A) 21

(B) 22

(C) 18

(D) 15

9. The source of power in a democracy is: **1**

(A) The People

(B) The Parliament

(C) The Prime Minister

(D) The President

10. Which of the following country was divided on the basis of religion and caste ? **1**

(A) Belgium

(B) India

(C) Yugoslavia

(D) Netherlands

11. What is the other name for per capita income ? **1**

(A) Average income

(B) National income

(C) Personal income

(D) None of the above

12. What is the other name for secondary sector ? **1**

(A) Primary sector

(B) Mining sector

(C) Industrial sector

(D) Agricultural sector

13. In which of the activity sectors are services placed ? **1**

(A) Tertiary sector

(B) Primary sector

(C) Secondary sector

(D) Information technology

14. Most of India's foreign trade is: **1**

(A) By road

(B) By sea

(C) By rail

(D) By air

15. When is National Consumer Rights Day celebrated ? **1**

(A) 5th April

(B) 22nd February

(C) 24th November

(D) 24th December

16. In which of these States/Union Territory is black soil found ? **1**

(A) Jammu and Kashmir

(B) Rajasthan

(C) Maharashtra

(D) Jharkhand

17. What is Agenda - 21 related to ? **1**

(A) Ozone depletion

(B) Global warming

(C) Climate change

(D) Sustainable development

18. In which year was 'Green India Mission' started ? **1**

(A) 2013

(B) 2012

(C) 2014

(D) 2011

19. Which one of the following crops is mainly an example of Zaid crop ? **1**

(A) Rice

(B) Wheat

(C) Gram

(D) Watermelon

20. The mineral found in igneous rocks is: **1**

(A) Phosphate

(B) Salt

(C) Zinc

(D) Graphite